fnukd % 13-04-2026 le; % 02-10**pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री - नारी शक्ति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही हैं। उन्होंने सभी से महिलाओं को सशक्त बनाने और अवसरों का विस्तार करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है, जिसमें भूत और भविष्य की महत्वकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राज्य विधासभाओं से लेकर संसद तक दशकों से हुए विलंब का 16,17 और 18 अप्रैल को अंत होगा।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री ॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने सागर जिले की मिवासा सिंचाई परियोजना के लिए लगभग 286 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी ।प्रदेश में नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए 1674 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, वहीं महिला सशक्तिकरण के तहत 8 नए वन स्टॉप सेंटर खोलने का निर्णय भी लिया गया।

इसके साथ हि सड़क और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 10 हजार 801 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है, जिससे परिवहन और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। कैबिनेट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास और अन्य योजनाओं को वर्ष 2031 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

उन्नत कृषि महोत्सव

रायसेन में आयोजित **उन्नत कृषि महोत्सव 2026** के समापन अवसर पर आज केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री **नितिन गडकरी** शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री **शिवराज सिंह चौहान** और उप मुख्यमंत्री **जगदीश देवड़ा** भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। श्री गडकरी ने कृषि नवाचार से जुडी प्रदर्शनी का अवलोकन किया । इस तीन दिवसीय महोत्सव में किसानों को आधुनिक तकनीक, नवाचार और उन्नत खेती के तरीकों की जानकारी दी गई।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

मौसम

प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर खत्म होते ही गर्मी ने तेजी से असर दिखाना शुरू कर दिया है। कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि रतलाम में सबसे अधिक 41 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में गर्मी का प्रकोप आने वाले दिनों में और बढ़ेगा। 16 अप्रैल से लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है, खासतौर पर मालवा-निमाड़ क्षेत्र, यानी इंदौर और उज्जैन संभाग सबसे अधिक प्रभावित रहेंगे।

समाचार संक्षेप में :-

- संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर की जयंती 14 अप्रैल को उनकी जन्मस्थली डॉक्टर अंबेडकर नगर महू में बने स्मारक पर विशाल समागम का आयोजन किया जा रहा है।
- प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आगामी 15 अप्रैल को खंडवा आएंगे । श्री तोमर ;gk पूर्व सांसद स्व.श्री नंदकुमार सिंह चौहान की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे
- राष्ट्र आज अमृतसर के जलियांवाला बाग में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट मारे गये लोगों की स्मृति में 107वां शहादत दिवस मना रहा है।